टीकमगढ़

नवभारत
भोपाल, गुरुवार , 23 जुलाई 2026

मुख्यालय पर नहीं रहते उपयंत्री, भोपाल जाती हैं फाइलें

विभाग से लेकर जनप्रतिनिधि तक उपयंत्री साहब से परेशान

मेडिकल के नाम पर लगातार छुट्टी की बात आई सामने

नवभारत न्यूज,

टीकमगढ़। लोक निर्माण विभाग में इन दिनों एक उपयंत्री का जलवा इतना कायम है कि उनके सामने विभाग से लेकर कई नेता नतमस्तक हैं। यह साहब वैसे तो जतारा में पदस्थ हैं, परन्तु मेडिकल एवं ईएल के नाम पर मुख्यालय नहीं पहुंचते। मुख्यालय पर इनके न होने से कई काम प्रभावित हो रहे हैं। इनके द्वारा मेडिकल खत्म होने के बाद, दुवारा नया मेडिकल बनवाकर विभाग में भेज दिया जाता है और बीमारी की बात कर मुख्यालय नहीं आने का बहाना बनाते हैं, जबकि साहब जतारा क्षेत्र के निर्माण कार्यों

की भुगतान वाली फाईलों पर हस्ताक्षर करते हैं। सूत्र बताते हैं कि साहब यह हस्ताक्षर टीकमगढ़ नहीं बल्कि भोपाल फाईलें बुलाकर करते हैं।

दरअसल हम जिनकी बात कर रहे हैं उनका नाम मनोज रिछारिया है और इन्होंने आज से पहले 20 फरवरी 2023 को डिवीजन सागर में चार्ज लिया था। इसके बाद इन्होंने 11 मार्च 2023 को जतारा में उपयंत्री का कार्यभार संभाला। कार्यभार लेने के बाद से ही साहब भोपाल में रहने पसंद कर रहे हैं। वह मुख्यालय पर कभी दिखाई नहीं दिए ऐसा लोगों का कहना है। मनोज रिछारिया उस दिन भी मुख्यालय पर नहीं थे जब केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए गए भवन का शुभारंभ करने पहुंचे थे। इनके न होने के कारण ही जतारा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग की गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। क्योंकि फील्ड पर अधिकारी के न होने से कामों का मूल्यांकन कैसे होगा। इतना ही नहीं उपयंत्री की यह जाबवदेही होती है कि जो निर्माण कार्य चल रहे हैं वह उस पर नजर रखें, लेकिन जतारा में इसकी ठेकेदार कों छूट है, जो चाहे अपने मनमाफिक काम में लगा है।

मनोज रिछारिया के बारे में जो जानकारी सामने आई उसमें यह पता चला है कि पिछले 15 मई 26 को उन्होंने मेडिकल लगाया, इसके बाद 30 मई को भी मेडिकल भेजा, 11 जून 2026 को भी मेडिकल लगाकर अवकाश लिया। इतना ही नहीं मनोज रिछारिया ने 26 जून को फिर छुट्टी का पत्र विभाग को भेजा। यह लगातार पिछले कई महिनों से मेडिकल पर चल रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इन्होंने अब तक अपनी 177 ईएल भी ली है। हालांकि यह जानकारी भी सामने आई है कि साहब किसी मामले में हाईकोर्ट पहुंचे हैं, जिससे वहां उन्हें स्थगन दिया गया है। इसलिए इस मामले में विभाग का कोई वरिष्ठ अधिकारी हाथ नहीं डाल रहा। परन्तु सच्चाई यही है कि उपयंत्री मनोज रिछारिया मुख्यालय पर नहीं रहते हैं। उनका पूरा काम काज भोपाल से चलता है। भोपाल के रोशनपुरा पर ठेकेदारों को बुलाकर साहब फाईलों पर हस्ताक्षर करते हैं।

विधायक निधि एवं योजनाओं के काम भी हो रहे प्रभावित

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा तमाम योजनाओं से कराए जा रहे लोक निर्माण विभाग के कार्यों सहित विधायक निधि से होने वाले विकास कार्य इन दिनों जतारा क्षेत्र में प्रभावित हो रहे हैं, उसका मूल कारण यहां के उपयंत्री मनोज रिछारिया का मुख्यालय पर नहीं रहना है। इसके लिए ठेकेदार कई बार गोपनीय शिकायतें विभाग को कर चुके हैं, परन्तु विभाग कुंभकरणीय नींद में सोया हुआ है। सूत्र बताते हैं कि मनोज रिछारिया के कोई रिश्तेदार भोपाल में बड़े पद पर बैठे हैं, इसलिए उनकी मनमर्जी चल रही है।

केबिनेट मंत्री का फर्जी लेटर पेड, हुई कार्यवाही

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।

जिले में एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है जहां जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर के नाम से कथित तौर पर फर्जी अनुशंसा पत्र का इस्तेमाल किए जाने का मामला उजागर हुआ है। जांच के दौरान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने इस फर्जीवाड़े को पकड़ लिया। अब संबंधित कर्मचारी के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई के साथ पूरे रैकेट की जांच के निर्देश दिए गए हैं।

मामला स्वास्थ्य विभाग के एमपीडब्ल्यू केएल वंशकार से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार, उच्च न्यायालय के निर्देश पर केएल वंशकार के एक आवेदन पर प्रशासनिक स्तर पर विचार किया जा रहा था। इसी दौरान प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर के नाम से एक अनुशंसा पत्र प्रस्तुत किया गया। दरअसल केएल वंशकार का तबादला मोहगनढ़ क्षेत्र के गौर से दरगुवां हुआ था उसे रुकवाने के लिए इस फर्जी लेटर पेड का इस्तेमाल किया जा रहा था. जब इस पत्र का परीक्षण किया गया तो उसमें कई गंभीर गड़बड़ियां सामने आईं। सबसे बड़ा खुलासा यह हुआ कि पत्र में प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर का नाम भी गलत लिखा गया था। कृष्णा की जगह कृष्णा गौर लिखा हुआ था। इसी त्रुटि ने पूरे मामले पर संदेह पैदा किया और जांच शुरू कराई गई। जांच में सामने आया कि पत्र फर्जी है। इसके बाद कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने तत्काल सख्त रुख अपनाते हुए एमपीडब्ल्यू केएल वंशकार को निलंबित करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि यह पता लगाया जाए कि इस फर्जी पत्र के पीछे कोई संगठित रैकेट तो काम नहीं कर रहा है। उच्च न्यायालय के निर्देश पर केएल वंशकार के आवेदन पर विचार किया जा रहा था। इसी दौरान प्रभारी मंत्री के नाम से एक अनुशंसा पत्र प्रस्तुत किया गया। पत्र की जांच में पाया गया कि उसमें प्रभारी मंत्री का नाम तक गलत लिखा था, जिससे प्रथम दृष्टया पत्र फर्जी प्रतीत हुआ। संबंधित कर्मचारी के निलंबन के निर्देश दिए गए हैं और पूरे मामले की विस्तृत जांच कराई जा रही है, ताकि यदि कोई रैकेट है तो उसका भी खुलासा हो सके।

इस लेटर के वायरल होने पर प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। अब जांच इस बात पर भी केंद्रित है कि फर्जी लेटर किसने तैयार किया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोरदार प्रदर्शन

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।

गांधी चौराहे पर मंगलवार रात करीब 8.30 बजे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन किया। दिल्ली में राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेस नगर अध्यक्ष गौरव शर्मा और ब्लॉक अध्यक्ष अनीस अहमद ने केंद्र सरकार पर लोकतंत्र की हत्या और युवाओं की आवाज दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है।जिला महासचिव संजय नायक ने राहुल गांधी की गिरफ्तारी को गलत ठहराते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग की।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पुलिस के बल पर जनता और विपक्ष का आंदोलन कुचलने का प्रयास कर रही है। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

राशन को लेकर सख्ती

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

उचित मूल्य राशन दुकानों का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों तक समय पर और पूरी मात्रा में खाद्यान्न पहुंचाना है। इसके लिए सरकार ने राशन दुकान संचालकों के लिए कई स्पष्ट नियम बनाए हैं।

राशन दुकान पर संचालक को दुकान के बाहर दुकान का नाम, संचालक का नाम, खुलने और बंद होने का समय, उपलब्ध राशन का स्टॉक, प्रति यूनिट मिलने वाली सामग्री, मूल्य सूची तथा शिकायत हेल्पलाइन संबंधी जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी चाहिए। संचालक को प्रत्येक पात्र हितग्राही को निर्धारित मात्रा में राशन देना होगा।

अवैध उत्खनन पर खनिज विभाग ने की प्रभावी कार्यवाही

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसीक्रम में खनिज विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध रेत परिवहन में संलिप्त एक डंपर एवं एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त की।

खनिज अधिकारी विपुल रावत एवं खनिज विभाग के अमले ने मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर टीकमगढ़ क्षेत्र में आकस्मिक जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान वैकुंठी के समीप एक कॉलोनी में अवैध रूप से रेत से भरा एक डंपर तथा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी मिली। आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर दोनों वाहनों को रेत सहित जप्त कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।जप्त किए गए दोनों वाहनों को अग्रिम वैधानिक कार्रवाई हेतु देहात थाना पुलिस की सुपुर्दगी में रखा गया है।

खनिज विभाग ने बताया कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सुरक्षा से कराया अवगत

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। एक सामाजिक संगठन की महिलाओं ने सरकारी गर्ल्स हाई सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं को मासिक धर्म के प्रति जागरूक किया। इस दौरान छात्राओं को मासिक धर्म से जुड़ी समस्याओं, सुरक्षा और बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।

नजर बाग स्थित शासकीय हाईस्कूल शिशु मंदिर में आयोजित की गई थी, जिसका मुख्य विषय मासिक धर्म के समय होने वाली परेशानियाँ और सेंक्रमण से बचाव था। महिला विशेषज्ञ डॉ. रेखा बड़गैया विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहीं।

जैविक उपायों को लेकर दी गई जानकारी

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

कृषि विज्ञान केंद्र, टीकमगढ़ के वैज्ञानिक दल ने जिले के विभिन्न गांवों में खरीफ फसलों का निरीक्षण कर किसानों को रोग एवं कीट नियंत्रण के वैज्ञानिक एवं जैविक उपायों की जानकारी दी।

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. बीएस किरार, डॉ. आरके प्रजापति, डॉ. एसके सिंह, डॉ. एसके जाटव, डॉ. आइडी सिंह एवं जयपाल छिगारहा ने बुंदेलखंड सामाजिक सेवा संस्थान के स्थानीय ग्रामीण कार्यकर्ताओं मनोज लोधी, रीना कुशवाहा, नैंसी प्रजापति, कुलदीप सिंह एवं दशरथ कुशवाहा के साथ ग्राम नैनवारी, राधापुर, सोरियाना, लार एवं नगारा का भ्रमण किया। इस दौरान किसानों के खेतों में सोयाबीन, उड़द, मूंगफली एवं तिल की फसलों का निरीक्षण कर रोग एवं कीटों की स्थिति का आकलन किया गया तथा आवश्यक सलाह दी गई। खरीफफसलों में इल्लियों तथा रस चूसने वाले कीटों के प्रारंभिक प्रकोप की रोकथाम के लिए प्राकृतिक खेती आधारित पर जानकारी दी।

आज रोजगार मेला का आयोजन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मुख्यालय पर बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के सहयोग से शासकीय आईटीआई में 23 जुलाई को सुबह11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान किये जाने हेतु साक्षात्कार लिये जायेंगे।

गतिविधियों के आयोजन की प्रक्रिया को किया शुरू

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, टीकमगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग की संस्था स्तर पर काउंसिलिंग प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है।

महाविद्यालय में वर्तमान में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग जैसे रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित हैं। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान, प्रायोगिक प्रशिक्षण तथा उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप कौशल विकास का अवसर प्रदान किया जाता है। महाविद्यालय में अनुभवी संकाय सदस्य, आधुनिक प्रयोगशालाएँ, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, इंटरनेट सुविधा तथा उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध है।

गंदगी से पनप रहीं बीमारियां

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है। लोगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, टीकमगढ़ (म.प्र.)

क्रमांक 4026/अतिक्रमण शाखा/नपा/2026 टीकमगढ़ दिनांक- 13/07/2026

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा नगर के सभी फुटकर/थोक दुकानदारों को सूचित किया जाता है कि बाजार क्षेत्र में दुकानों के बाहर नाली के ऊपर किया गया अवैध अतिक्रमण, दुकानों के बाहर निकाले गए छज्जे निकाले गए हैं तथा चालू बाजार के दौरान नाली के ऊपर बिक्री हेतु सामग्री रखी जाती है, जिससे आम जन को आवागमन में परेशानी सहित शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है।

अतः निकाय क्षेत्र के सभी दुकानदार भाईयों से अनुरोध है कि दुकानों के बाहर किए गए अवैध अतिक्रमण/छज्जे/सामग्री को आप सभी संबंधित दुकानदार तीन दिवस की समयावधि में स्वयं हटा लें अन्यथा की स्थिति में आपके विरुद्ध चालानी कार्यवाही की जाकर नाली के ऊपर रखी गई सामग्री जब्त की कार्यवाही की जावेगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित दुकानदार की होगी, सूचित हों।

ओमपाल सिंह भदौरिया
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, टीकमगढ़

फसल बीमा पर जोर

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

प्रधानमत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफफसलों के लिये बीमा पंजीयन की शुरूआत हो गई है। उप संचालक किसान कल्याण तथा विकास अधिकारी मनोज कश्यप द्वारा बताया गया कि जिले में खरीफ2026 मौसम के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा पंजीयन का कार्य प्रारम्भ हो गया है।

कृषि विभाग ने 31 जुलाई तक फसल बीमा माह मनाने का निर्णय लिया है। तहसील और ग्राम पंचायत स्तर पर किसानों को योजना की जानकारी देकर बीमा कराने के लिये प्रेरित किया है।

कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए पदोन्नति पत्र

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

शासन के निर्देशानुसार टीकमगढ़ जिले के 5 नायब तहसीलदारों को तहसीलदार के पद पर एवं 10 राजस्व निरीक्षकों को नायब तहसीलदार के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। इस अवसर पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने पदोन्नत अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफ ल कार्यकाल की कामना की।

तहसीलदार के पद पर पदोन्नत होने वाले अधिकारियों में अनिल कुमार गुप्ता, झाम सिंह इरकिरा, सत्यप्रकाश शुक्ला,

सतेंद्र सिंह गुर्जर तथा नितिन गौड़ शामिल हैं।

इसी प्रकार नायब तहसीलदार के पद पर पदोन्नत होने वाले अधिकारियों में ईश्वरदयाल अहिरवार, रामनाथ अहिरवार, सुरेश कुमार पटेरिया, सतोला प्रसाद चौधरी, रज्जन सिंह, अखिलेश कुमार बबेले, श्रीपत अहिरवार, विष्णु सोनी, ओमप्रकाश गुप्ता एवं सूर्यप्रकाश खरे शामिल हैं। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कहा कि पदोन्नति किसी भी शासकीय सेवक की कार्यकुशलता, अनुभव एवं समर्पण का सम्मान है।

कार्यालय नगर परिषद खरगापुर जिला टीकमगढ़

क्र./लोक निर्माण/निविदा/2026/1338 खरगापुर, दिनांक 22.07.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है. निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

क्र.	टेंडर क्र./ जारी दिनाक	कार्य का नाम एवं स्थान	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि	निविदा की अंतिम तिथि
1.	2026_UAD_523310_1 23-07-2026	निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डों में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	1-03 माह 2- 16.89 लाख	1-2000.00 2-13000.00	25-08-2026
2.	2026_UAD_523311_1 23-07-2026	वार्ड क्र. 13 में आर.सी.सी. नाली निर्माण एवं पेवर ब्लॉक बिछाने का कार्य	1-03 माह 2-16.79 लाख	1-2000.00 2-13000.00	25-08-2026
3.	2026_UAD_523312_1 23-07-2026	वार्ड क्र. 01 में भागवत कुशवाहा के घर से मनका कुशवाहा के घर तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	1-03 माह 2- 16.90 लाख	1-2000.00 2- 13000.00	25-08-2026

नोट:- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद, खरगापुर, जिला टीकमगढ़, म.प्र.

नोडल अधिकारियों ने किया पंचायतों का भ्रमण

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार प्रशासन गांव की ओर योजना अंतर्गत नोडल अधिकारियों द्वारा अलग-अलग ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया। समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आबंटित की गई ग्राम पंचायतों में भ्रमण किया गया।

जनसुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा शासकीय विद्यालयों में शालाओं में संचालित स्मार्ट क्लास का निरीक्षण किया। साथ ही अधिकारियों द्वारा एमडीएम, समग्र-ईकेवाईसी की प्रगति, ग्राम पंचायतों में सचिव,जीआरएस तथा नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी की उपस्थिति, पटवारी की उपस्थिति, गाँव में टीकाकरण एवं आशा की उपस्थिति रहेगी।

निरीक्षण कक्षाओं के संचालन के संबध में दिए निर्देश

नायब तहसीलदार ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज,

मोहनगढ़। जिला कलेक्टर विवेक श्रीत्रिय के निर्देश पर मोहनगढ़ तहसीलदार सावंत सिंह एवं नायब तहसीलदार अभय सिंह ने क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन शासकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षकों की नियमितता, कक्षाओं के संचालन, मध्याह्न भोजन, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

तहसीलदार सावंत सिंह ने शासकीय माध्यमिक शाला

बनगाय में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया तथा उनकी पढ़ाई, पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता और शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली।

उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए कि सभी कक्षाओं का नियमित संचालन किया जाए और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही विद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं अनुशासित बनाए रखने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, रसोई व्यवस्था तथा भोजन वितरण की प्रक्रिया का भी अवलोकन किया गया तो वही नायब तहसीलदार अभय सिंह ने प्राथमिक शाला रानीपुरा, पिथौनोरा, इकवालपुरा का निरीक्षण किया और शिक्षा व्यवस्था का जायज लिया। नायब तहसीलदार अभय सिंह ने विद्यालयों के अभिलेखों, उपस्थिति पंजिका एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण किया।

निरीक्षण से आएगा व्यवस्थाओं में सुधार

नायाब तहसीलदार ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक छात्र तक पारदर्शिता के साथ पहुंचना चाहिए।इस निरीक्षण अभियान से विद्यालयों में अनुशासन एवं शैक्षणिक गतिविधियों में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे नियमित निरीक्षणों से सरकारी विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।